प्रेस नोट दिनाँक 28.03.2025
थाना सिरौली जनपद बरेली

थाना सिरौली #bareillypolice द्वारा 25 हजार रुपये पुरस्कार घोषित अभियुक्त को दौराने पुलिस मुठभेड़ किया गिरफ्तार, कब्जे से एक तमंचा, एक खोखा कारतूस, एक जिंदा कारतूस 315 बोर, एक मोटर साइकिल बरामद।

संक्षिप्त विवरणः- दिनांक 23.08.2024 को वादी श्री नरेन्द्रपाल सिंह पुत्र श्री ओमपाल सिंह निवासी मो0 भुर्जी टोला नई बस्ती थाना आंवला, बरेली द्वारा सूचना दी कि दिनांक 22.08.2024 को रात्रि में शिवपुरी सिवाला फैक्ट्री के पास अज्ञात अभियुक्तो द्वारा मेरी मोटर साईकिल के आगे मोटर साईकिल लगाकर मेरी मोटर साईकिल व 04 पुराने व 01 नया मीटर आदि समान लूट कर ले गये। जिसके सम्बन्ध में मु0अ0स0 259/2024 धारा 309(4) बीएनएस पंजीकृत किया गया। विवेचना में अभियुक्तगण राहुल व विशाल पुत्र ताराचन्द निवासी 483 शिव मंदिर के पास ताड़ीखाना रोड़ आजमनगर थाना कोतवाली बरेली का नाम प्रकाश में आया। अभियुक्त राहुल को गिरफ्तार कर पूर्व में ही जेल भेजा जा चुका है। अभियुक्त विशाल की गिरफ्तारी हेतु दिनांक 16.03.2025 को श्रीमान वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, बरेली महोदय द्वारा 25 हजार रुपये का पुरस्कार घोषित किया गया था।

दिनांक 28.03.2025 को समय 00.45 बजे थाना सिरौली पुलिस टीम द्वारा ग्राम लीलौर झील के पास अभियुक्त विशाल पुत्र ताराचन्द निवासी 483 शिव मंदिर के पास ताड़ीखाना रोड़ आजमनगर थाना कोतवाली बरेली को पुलिस मुठभेड़ के दौरान घायल अवस्था में गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त विशाल उपरोक्त द्वारा पुलिस पार्टी पर जान से मारने की नियत से फायर किया गया, पुलिस द्वारा की गयी आत्मरक्षार्थ फायरिंग में अभियुक्त के पैर मे गोली लगने से घायल हो गया। अभियुक्त के कब्जे से 01 तमंचा, 01 खोखा कारतूस, 01 जिंदा कारतूस 315 बोर व एक मोटर साइकिल TVS अपाचे बरामद हुई। बरामदगी व गिरफ्तारी के आधार पर अभियुक्त के विरुद्ध मु0अ0स0 124/2025 धारा 109 बीएनएस व 3/25/27 आयुध अधि0 पंजीकृत किया गया है। गिरफ्तार अभियुक्त के विरुद्ध अग्रिम विधिक कार्यवाही करते हुए मा0 न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है।

गिरफ्तार अभियुक्त का विवरणः

विशाल पुत्र ताराचन्द निवासी 483 शिव मंदिर के पास ताड़ीखाना रोड़ आजमनगर थाना कोतवाली बरेली उम्र 27 वर्ष

बरामदगी का विवरण

1. एक तमंचा, एक खोखा कारतूस, एक जिंदा कारतूस 315 बोर
2. एक मोटर साइकिल TVS अपाचे

अपराधिक इतिहास अभियुक्त

1. मु0अ0सं0 259/24 धारा 309 (4) बीएनएस थाना सिरौली जनपद बरेली
2. मु0अ0सं0 401/22 धारा 174 ए आईपीसी थाना इज्जतनगर जनपद बरेली
3. मु0अ0सं0990/21 धारा 307/504/506 आईपीसी थाना इज्जतनगर जनपद बरेली
4. मु0अ0सं0 287/22 धारा 307 आईपीसी थाना कोतवाली जनपद बरेली
5. मु0अ0सं0 349/22 धारा 3/25/37 आयुध अधि0 थाना कोतवाली जनपद बरेली
6. मु0अ0सं0 350/22 धारा 102/41 सीआरपीसी व 411 आईपीसी थाना कोतवाली जनपद बरेली
7. मु0अ0सं0 730/19 धारा 307 आईपीसी थाना बारादरी जनपद बरेली
8. मु0अ0सं0 809/19 धारा 3/25 आयुध अधि0 थाना बारादरी जनपद बरेली
9. मु0अ0सं0 124/25 धारा 109 बीएनएस व 3/25/27 आयुध अधि0 थाना सिरौली जनपद बरेली

गिरफ्तार करने वाली टीम का नाम

1. थानाध्यक्ष श्री राम रतन सिंह थाना सिरौली, बरेली।
2. व0उ0नि0 श्री मनोज कुमार थाना सिरौली, बरेली।
3. उ0नि0 श्री राजकुमार सिंह थाना सिरौली, बरेली।
4. उ0नि0 श्री अंकित राणा थाना सिरौली, बरेली।
5. हे0का0 884 कुलदीप कुमार थाना सिरौली, बरेली।
6. का0 2895 मोनू कुमार थाना सिरौली, बरेली।
7. का0 3006 भारतवीर मलिक थाना सिरौली, बरेली।
8. का0 3804 निशान्त चौधरी थाना सिरौली, बरेली।
9. का0 3666 मनोज कुमार थाना सिरौली, बरेली।